University in News on 15 April 2025

AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

लविवि: प्लेसमेंट के लिए समाप्त हुई आवेदन की तिथि

लखनऊ। लविवि में अलग-अलग पाठ्यक्रमों के छात्र-छात्राओं ने सॉल्यूशंस, कोडयंग, बाइंडिंग माइंड्स व प्लैनेटस्पार्क जैसी कंपनियों में नियुक्ति के लिए आवेदन किए हैं। इसकी अंतिम तिथि सोमवार को समाप्त हो चुकी है।

प्लेसमेंट सेल के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि टैलेंट स्काउट पद के लिए तीन लाख वार्षिक पैकेज पर बीटेक, बीसीए, बीबीए, बीए, बी.कॉम, बीएससी, एमसीए, एमबीए, एमए, एमएससी, एमकॉम के छात्र पात्र हैं। कोडयंग कंपनी में इंटरनेशनल सेल्स स्पेशलिस्ट पद के लिए 7.36 लाख वार्षिक पैकेज छात्रों को मिलेगा। बाइंडिंग माइंड्स कंपनी की ओर से जूनियर रिक्रूटर पद पर 4.27 लाख वार्षिक पैकेज पर नौकरी मिलेगी। (संवाद)

i-NEXT PAGE 6

12वीं बाद कोर्स की न लें टेंशन क्योंकि 'एलयू है न'!

समर्थ पोर्टल के जरिए होगा एडमिशन प्रोसेस

मिशन एडमिशन

एंट्रेंस के बाद मेरिट पर होता है एडमिशन

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (14 April): 12वीं के एग्जाम्स खत्म होने के बाद स्टूडेंट्स के दिमाग में सबसे बड़ा सवाल होता है 'व्हाट नेक्स्ट?', मतलब आगे क्या करना है, कहां एडमिशन लेना है. अगर आपको लखनऊ में रहकर ही पढ़ाई करनी है तो आपके लिए लखनऊ यूनिवर्सिटी एक अच्छा ऑप्शन साबित हो सकती है. अगर आप एलयू में एडमिशन के लिए इंटरेस्टेड हैं तो आइए आपको बताते हैं कि यहां आपको कौन-कौन से कोर्स मिल जाएंगे और उनका एडमिशन प्रोसेस क्या है...

बैचलर ऑफ फार्मेसी में एडमिशन के लिए टोटल 110 सीटें हैं.

यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट देने के लिए एक सेंट्रल प्लेसमेंट सेल भी है

बैचलर ऑफ आर्ट्स

12वी के बाद बैचलर ऑफ आर्ट्स यानी बीए कोर्स में सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स एडमिशन लेते हैं. एलयू में आपको इस कोर्स में आपकी पसंद के लगभग सारे सब्जेक्ट्स मिल जाएंगे. एडमिशन के लिए एलयू अपना एंट्रेंस करवाता है, जिसकी मेरिट के बेस पर एडमिशन होता है. इस बार यूनिवर्सिटी का एडमिशन प्रोसेस समर्थ पोर्टल के जरिए होगा और एडमिशन फॉर्म जल्द वेबसाइट पर अवेलेबल हो जाएंगे. एनईपी के तहत अब बीए कोर्स 4 साल का हो गया है, जिसमें 1 साल की रिसर्च भी शामिल है.

बैचलर ऑफ कॉमर्स

बैचलर ऑफ कॉमर्स यानी बीकॉम, कॉमर्स बैकग्राउंड वालों के लिए सबसे बेस्ट ऑप्शंस में से एक है. एलयू से आप 4 साल का बीकॉम और 3 साल का बीकॉम ऑनर्स कर सकते हैं.

बैचलर ऑफ साइंस

बैचलर ऑफ साइंस यानी बीएससी, अगर आप साइंस बैकग्राउंड से है तो बीएससी आपके लिए एक बैटर ऑप्शन है. यूनिवर्सिटी में बीएससी के लिए आपको मैथ्स और बायो, दोनों ऑप्शन मिल जाएंगे. इसमें एडमिशन के लिए आपको एंट्रेंस देना होगा, जिसके स्कोर के बेस पर आपको एडमिशन मिलेगा. एनईपी के अकोर्डिंग बीएससी भी 4 साल का कोर्स है, जिसमें 1 साल की रिसर्च शामिल है.

एलएलबी

एलएलबी यानी बैचलर ऑफ लेजिस्लेटिव लॉ, यह एक 5 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स है, जिसमें 12वी के बाद एडमिशन लिया जा सकता है. एलयू के सेकेंड कैंपस में बनी लॉ फैकल्टी बेहद शानदार है, जिसमें पढ़ने और सीखने के बाद आप एडवोकेट में लॉ के फील्ड में अच्छा काम कर सकते हैं. इसमें भी एडमिशन एंट्रेंस से ही होता है.

बैचलर ऑफ कंप्यूटर अप्लीकेशन

अगर आप को भी कंप्यूटर लैंग्वेज और कोडिंग में इंटरेस्ट है तो एलयू से आप बीसीए भी कर सकते है. इसमें एडमिशन एलयू एंट्रेंस के बेस पर ही होता है और इस कोर्स का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें प्लेसमेंट जल्दी और आसानी से मिल जाता है.

बैचलर ऑफ फार्मेसी

बैचलर ऑफ फार्मेसी यानी बीफार्मा, अगर आप मेडिकल लाइन में इंटरेस्टेड हैं तो यूनिवर्सिटी से बीफार्मा भी कर सकते है. इसमें एडमिशन सीयूईटी एंट्रेंस के स्कोर के बेस पर काउंसिलिंग के बाद होता है, जिसमें टोटल 110 सीटें है. इस कोर्स को करने के बाद आपके पास अच्छे खासे जॉब ऑप्शन होते है साथ ही यूनिवर्सिटी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत भी प्लेसमेंट करवाती है.

बैचलर ऑफ बिजनेस एनालिटिक्स

आजकल कॉर्पोरेट इंडस्ट्री में बिजनेस एनालिटिक्स की अच्छी खासी मांग है, ऐसे में एलयू से बैचलर ऑफ बिजनेस एनालिटिक्स यानी बीबीए करके आप कॉर्पोरेट सेक्टर में अच्छी पोजीशन सिक्योर कर सकते है. यूनिवर्सिटी का ये कोर्स एआईसीटीई से अप्रूव्ड है.

बैचलर ऑफ वोकेशन

बैचलर ऑफ वोकेशन यानी बीवोक, एलयू में स्टूडेंट्स को स्किल बेस्ड एजुकेशन देने के लिए बीवोक इन रिन्यूबल एनर्जी कोर्स भी अवेलेबल है, ये एक अंडरग्रेजुएट कोर्स है, जिसमें आपको बैटर करियर ऑप्शन मिल सकते हैं.

बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी

एलयू में बीटेक कोर्स में एडमिशन एकेटीयू के एडमिशन प्रोसेस से होता है. जिसमें जेईई और सीयूईटी से स्टूडेंट्स की काउंसिलिंग होती है. एलयू में एडमिशन के लिए इंटरेस्टेड स्टूडेंट्स इंजीनियरिंग फैकल्टी में काउंसिलिंग करवा सकते हैं.

प्लेसमेंट भी मिलता है अच्छा

यूनिवर्सिटी में स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट देने के लिए एक सेंट्रल प्लेसमेंट सेल भी है, जो टाइम-टू-टाइम प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करती है. जिसमें स्टूडेंट्स को एचसीएल, विप्रो, एलेन, महिंद्रा, एजुकेड जैसी कंपनियों में अच्छे पैकेज पर प्लेसमेंट मिलता है.

लास्ट ईयर ये रही थी मेरिट

बीए- 154 नंबर
बीएससी मैथ्स-138 नंबर
बीएससी बायो-168 नंबर
बीकॉम ऑनर्स-182 नंबर
बीकॉम एनईपी-178 नंबर
एलएलबी-154 नंबर
बीसीए-136 नंबर
बीसीए-174 नंबर
बीवोक-154 नंबर

"एडमिशन के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. इस बार समर्थ पोर्टल के जरिए एडमिशन होगा, जिसको लेकर जल्द ही गाइडलाइंस जारी कर दी जाएंगी.
डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव, प्रोफेसर, लखनऊ यूनिवर्सिटी

एलयू में भीमोत्सव का हुआ आयोजन

न्यायमूर्ति शमीम अहमद ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

LUCKNOW (14 April): लखनऊ यूनिवर्सिटी की लॉ फैकल्टी की तरफ से सोमवार को भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर छठे भीमोत्सव का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शमीम अहमद उपस्थित रहे. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई. मुख्य अतिथि शमीम अहमद ने बाबासाहेब के विचारों की आज के टाइम में उपयोगिता पर बल देते हुए छात्रों को सामाजिक न्याय, समता एवं समावेशिता के मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया.

पुस्तक का हुआ विमोचन

भीमोत्सव के दौरान न्यायमूर्ति शमीम अहमद द्वारा पीएचडी रिसर्चर परांतक यादव की पुस्तक लॉ, इकोनॉमी एंड सोशल डेवलपमेंट अंबेडकर विजन इन कंटेंपरेरी एरा का विमोचन भी किया गया, जिसमें बाबासाहेब के दृष्टिकोण को समकालीन सामाजिक-आर्थिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत किया गया है. इस मौके पर सेकेंड कैंपस के डायरेक्टर प्रो. आरके सिंह, प्रो. मोहम्मद अहमद, एवं प्रो. एनके सोनकर ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए. कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया. अंत में लॉ फैकल्टी के डीन प्रो. बीडी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया. वहीं लखनऊ में कई अन्य कार्यक्रमों के जरिए भी बाबा साहेब को याद किया गया.

TOI PAGE 3

Printed from
THE TIMES OF INDIA

LU recalls Ambedkar's thoughts on role of edu in India's growth

Apr 15, 2025, 05.31 AM IST

Lucknow: Lucknow University observed the 135th birth anniversary of Dr Bhimrao Ambedkar on Monday. The university honoured the legacy of the chief architect of the Indian Constitution through floral tributes, inspiring speeches, and academic programmes.

LU vice chancellor, Alok Kumar Rai paid floral tribute to Dr Ambedkar's statue and highlighted his lasting impact on the nation.

"Ambedkar's life is a beacon of social justice and equality. His commitment to education inspires us to build a more inclusive society," he said.

Meanwhile, at Bhimotsava 2025, organized by the faculty of law on the second campus, Justice Shamim Ahmed of the Allahabad High Court delivered the keynote address.

"Ambedkar's principles of justice and equality form the bedrock of our democracy. Students must uphold these values in their lives and careers," he said.

Director, second campus, RK Singh said, "Ambedkar's thought offers timeless solutions to modern challenges. We must bring his ideas into practice."

The event brought together faculty, students, and dignitaries in a meaningful tribute, reaffirming their commitment to the values Ambedkar stood for.

HT PAGE 3

Lucknow University
Vice chancellor Prof Alok Kumar Rai led the tribute at Ambedkar's statue.

Tribute paid to BR Ambedkar

JAGRAN CITY PAGE III

लखनऊ विश्वविद्यालय में डा. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती पर कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक और अधिकारीगण भी उपस्थित रहे • सौ. लवि